**भारत सरकार**
**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1163**
**उत्तर देने की तारीख 19 सितंबर, 2020**
**शनिवार, 28 भाद्रपद, 1942 (शक)**

**कौशल विकास केन्द्र**

**1163. श्री गोपाल जी ठाकुरः श्री निहाल चन्द चौहानः**
**श्री एस.आर. पार्थिबनः श्री जी.एम. सिद्देश्वरः**

**क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की बिहार के दरभंगा में कौशल विकास केन्द्र (एसडीसी) स्थापित करने की कोई योजना है और यदि हां, तो स्थापित किए जा रहे ऐसे केन्द्रों की संख्या कितनी है तथा केन्द्र-वार कितनी धनराशि आवंटित की गई है और उक्त परियोजना के कार्यान्वयन के लिए क्या समय-सीमा तय की गई है;

(ख) देश के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए स्थापित किए गए एसडीसी/संस्थानों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है और क्या सरकार द्वारा ऐसे केन्द्रों के माध्यम से अपनी कौशल विशेषज्ञता के अनुसार रोजगार/नौकरी प्राप्त करने वाले प्रशिक्षित युवाओं की संख्या का आकलन किया गया है;

(ग) क्या सरकार द्वारा इस योजना/कार्यक्रम के लिए राज्य-वार कोई लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस योजना के तहत क्या उपलब्धियां हासिल की गई हैं और क्या देश में नए एसडीसी स्थापित करने का कोई नया प्रस्ताव है;

(घ) क्या सरकार का देश के प्रत्येक जिले में एसडीसी स्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सरकार द्वारा देश के प्रत्येक जिले में आयोजित किए जा रहे ऐसे कार्यक्रमों के बारे में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अवगत रखने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं; और

(ङ) क्या सरकार ने विगत तीन वर्षों के दौरान कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत कर्नाटक के लिए कोई धनराशि स्वीकृत की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और कर्नाटक में कौशल विकास कार्यक्रम के तहत कितने युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है?

**उत्तर**

**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री राज कुमार सिंह)**

(क) प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) (2016-20) के तहत, प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। अब तक, दरभंगा जिले में 8000 से अधिक व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया है। इसके अलावा, मंत्रालय ने देश के हर जिले में कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 10 केंद्रों में प्रधानमंत्री कौशल केंद्र (पीएमकेके) के रूप में मॉडल और आकांक्षात्मक कौशल केंद्रों की स्थापना को बढ़ावा दिया है। मंत्रालय एनएसडीसी के माध्यम से परियोजना निवेश के 75 प्रतिशत तक पूंजीगत व्यय के साथ-साथ प्रत्येक पीएमकेके को परिचालन सहायता प्रदान करता है। बिहार के दरभंगा जिले में 70 लाख की वित्तीय सहायता से पीएमकेके स्थापित किया गया है और वर्तमान में कार्यात्मक है।

(ख) आवंटित और स्थापित पीएमकेके की राज्य-वार संख्या और पीएमकेके में प्रशिक्षित, प्रमाणित और रखे गए उम्मीदवारों की संख्या **अनुबंध** में दी गई है।

(ग) और (घ) जी हां राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के माध्यम से मंत्रालय देश के प्रत्येक जिले में पीएमकेके स्थापित करने की इच्छा रखता है। अब तक, 707 जिलों में 812 पीएमकेके आवंटित किए गए हैं। इन आवंटित पीएमकेके में से, 738 स्थापित किए जा चुके हैं।

पीएमकेके के दिशानिर्देश/लॉन्च मैनुअल के अनुसार पीएमकेके की स्थापना और कामकाज में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भागीदारी और जागरूकता सुनिश्चित करने के लिए, निम्नलिखित उपाय किए जा रहे हैं:

- जिला/पीसी वार आवंटित और स्थापित पीएमकेके का विवरण एनएसडीसी की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है
- एनएसडीसी के राज्य संबद्धता अधिकारी समय-समय पर परियोजना अद्यतन के साथ अधिकारियों से मिलते हैं और सलाह लेते हैं
- पीएमकेके के आवंटन के आवंटन के बाद, प्रशिक्षण भागीदार पीएमकेके की स्थापना के लिए उपयुक्त स्थान की पहचान करते हैं और स्थानीय अधिकारियों के परामर्श से प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए जॉब रोल्स को अंतिम रूप देते हैं।
- उम्मीदवारों के प्रभावी जुटाव को सुनिश्चित करने के लिए, प्रशिक्षण साझेदार पीएमकेके/पीएमकेवीवाई योजना के लिए पत्रक/पर्चे वितरित करते हैं और सांसद/ स्थानीय विधायक/जिला मजिस्ट्रेट/पंचायती-राज सदस्यों, आदि के सहयोग से जिलों में रोजगार मेले/प्लेसमेंट ड्राइव का संचालन करते हैं।

- ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा स्थापित जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति के तहत समीक्षा की एक मद के रूप में पीएमकेवीवाई योजना (जिसके तहत पीएमकेके स्थापित है) शामिल है।

(ङ) पीएमकेवीवाई के केंद्र प्रायोजित राज्य प्रबंधित (सीएसएसएम) घटक के तहत, वित्त वर्ष 2016-17 में 21.44 करोड़ रूपए की राशि कर्नाटक राज्य को जारी की गई है। इसके अलावा, पहले जारी की गई निधि के लिए उपयोग प्रमाणपत्र प्राप्त नहीं होने के कारण कोई निधि जारी नहीं की गई।

पीएमकेवीवाई (2016-20) के तहत, 1.19 लाख उम्मीदवारों को अल्पावधि प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के तहत प्रशिक्षित किया गया है और 2.47 लाख उम्मीदवारों को कर्नाटक में पूर्व शिक्षण मान्यता के तहत उन्मुख किया गया है।

**अनुबंध**

**आवंटित और स्थापित पीएमकेके तथा प्रशिक्षित, प्रमाणित और तैनाती प्राप्त उम्मीदवारों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की संख्या निम्नलिखित है**

| क्र.सं. | राज्य | आवंटित पीएमकेके की संख्या | स्थापित पीएमकेके | प्रशिक्षित | प्रमाणित | नियोजित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अंडमान और निकोबार द्वीप | 2 | 1 | - | - | - |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 25 | 24 | 44,197 | 36,178 | 20,661 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 20 | 8 | 419 | 348 | - |
| 4. | असम | 33 | 29 | 39,608 | 29,254 | 16,207 |
| 5. | बिहार | 49 | 48 | 95,943 | 72,104 | 42,389 |
| 6. | चंडीगढ़ | 1 | 1 | 1,679 | 1,080 | 686 |
| 7. | छत्तीसगढ़ | 27 | 27 | 35,191 | 26,475 | 11,590 |
| 8. | दादरा नगर हवेली | 1 | 1 | 210 | 196 | 157 |
| 9. | दमन दीव | 1 | 1 | 150 | 130 | 120 |
| 10. | दिल्ली | 11 | 10 | 12,728 | 9,778 | 5,406 |
| 11. | गोवा | 2 | 1 | 152 | 120 | 30 |
| 12. | गुजरात | 34 | 34 | 34,382 | 27,087 | 14,466 |
| 13. | हरियाणा | 23 | 23 | 57,107 | 43,738 | 28,715 |
| 14. | हिमाचल प्रदेश | 12 | 11 | 12,589 | 9,718 | 4,934 |
| 15. | जम्मू कश्मीर | 22 | 20 | 16,582 | 12,507 | 5,956 |
| 16. | झारखंड | 24 | 24 | 24,991 | 16,788 | 7,639 |
| 17. | कर्नाटक | 36 | 35 | 73,871 | 58,922 | 31,316 |
| 18. | केरल | 20 | 19 | 18,942 | 14,995 | 9,126 |
| 19. | लक्षद्वीप | 1 | 0 | - | - | - |
| 20. | मध्य प्रदेश | 52 | 52 | 102,424 | 77,760 | 52,863 |
| 21. | महाराष्ट्र | 50 | 43 | 53,273 | 40,230 | 22,610 |
| 22. | मणिपुर | 16 | 13 | 2,775 | 1,770 | 836 |
| 23. | मेघालय | 8 | 4 | 3,781 | 3,062 | 1,710 |
| 24. | मिजोरम | 6 | 2 | - | - | - |
| 25. | नागालैंड | 11 | 3 | 3,167 | 2,355 | 1,315 |
| 26. | ओडिशा | 30 | 29 | 59,065 | 47,415 | 29,112 |
| 27. | पुडुचेरी | 4 | 4 | 1,403 | 939 | 384 |
| 28. | पंजाब | 24 | 24 | 31,562 | 24,054 | 13,691 |
| 29. | राजस्थान | 35 | 35 | 60,453 | 47,915 | 26,208 |
| 30. | सिक्किम | 4 | 2 | - | - | - |
| 31. | तमिलनाडु | 40 | 34 | 51,400 | 36,947 | 21,477 |
| 32. | तेलंगाना | 32 | 28 | 29,994 | 20,567 | 11,743 |
| 33. | त्रिपुरा | 8 | 4 | 4,200 | 3,046 | 1,661 |
| 34. | उत्तर प्रदेश | 88 | 87 | 194,911 | 150,605 | 89,557 |
| 35. | उत्तराखंड | 13 | 13 | 31,910 | 23,826 | 13,886 |
| 36. | पश्चिम बंगाल | 47 | 44 | 105,539 | 84,534 | 53,802 |
| | **योग** | **812** | **738** | **1,204,598** | **924,443** | **540,253** |

******